प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शुक्रवार दिनांक 30.05.2025

मुख्य समाचारः—

- 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ में वैज्ञानिकों की टीम गांव—गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रही है।
- सुशासन तिहार का कल होगा समापन—मुख्यमंत्री ने आज सुकमा और बस्तर जिले का किया दौरा।
- प्रदेश में सर्दी—खांसी—बुखार के लक्षणों वाले मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को जारी किए जरूरी निर्देश।
- बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन ग्रामीण घायल।

<u>'विकसित कृषि संकल्प अभियान—01</u>

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ में वैज्ञानिकों की टीम गांव—गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रही है। इसी कड़ी में आज दुर्ग जिले में 'विकसित कृषि' को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ और किसान एकजुट हुए। कार्यक्रम में आईसीएआर—एनआईबीएसएम के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने किसानों के साथ बातचीत की। कार्यक्रम में लगभग पचास किसान शामिल हुए।

इस बीच, रायपुर के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद कुमार चौधरी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि कृषि वैज्ञानिकों ने आज मंदिर हसौद और खुंटरी गांव का दौरा कर वहां के किसानों को कृषि, मत्स्य और पशुपालन के बारे में जानकारी दी।

रायपुर के मंदिरहसौद के किसान महेन्द्र कुमार ने कहा कि 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत कृषि वैज्ञानिकों से उन्हें नई–नई तकनीकों के बारे में जानकारी मिल रही है।

मुख्यमंत्री–सुकमा

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुकमा जिले के तोंगपाल गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर श्री साय ने सुकमा जिले में पांच करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में सोलह करोड़ पच्चीस लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

वहीं, मुख्यमंत्री आज बस्तर जिले के ग्राम नारायणपाल भी पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल एक करोड़ ग्यारह लाख रूपए देने की घोषणा की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का कल समापन होगा।

स्वास्थ्य विभाग–निर्देश

राज्य में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षणों वाले मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस के प्रभावी सर्वेक्षण और प्रबंधन के निर्देश जारी किए हैं।

अस्पतालों में जरूरी दवाइयों और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन मरीजों पर लक्षणात्मक उपचार का असर न हो या जिन्हें अन्य बीमारियां भी हों, उन्हें कोविड–नाइंटीन जांच के लिए भेजा जाएगा और जरूरत पड़ने पर उनके सैंपल एम्स, रायपुर में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जाएंगे। सभी कोरोना पॉजिटिव मामलों की रिपोर्टिंग करते हुए राज्य सर्वेलांस इकाई को प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अलग–अलग देशों में उच्च स्तरीय चर्चा कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कोलंबिया की राजधानी बोगोटा पहुंचा। श्री थरूर ने कहा कि आतंकवादियों और उन्हें धन उपलब्ध कराने, प्रशिक्षित करने, हथियार देने तथा उन्हें सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने वालों के बीच मिलीभगत को दुनिया देख रही है।

वहीं, भारत के एक अन्य सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कल सऊदी अरब में अपना तीन दिवसीय राजनयिक मिशन सम्पन्न किया।

हज यात्रा

हज के लिए मुंबई के अंतराष्ट्रीय विमानतल से छत्तीसगढ़ के दौ सौ बयालीस हज यात्रियों का जत्था रवाना हो गया है। इस जत्थे में एक सौ बत्तीस पुरूष और एक सौ दस महिला हज यात्री शामिल है।

इससे पहले, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान और कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर एस. ए. फारुकी ने विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया।

पीबी–शब्द

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

राज्यपाल–नारायणपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के तीन गांवों को गोद लेने का संकल्प लिया है। गोद लेने के लिए बेमेतरा जिले के टेमरी, गरियाबंद जिले के मड़वाडीह, और खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के सोनपुरी गांव का चयन किया गया है। इन गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं के लिए समुदाय को शामिल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक और पर्यावरणीय विकास की पहल की जाएगी।

वहीं, राज्यपाल ने आज नारायणपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

राज्यपाल ने अपने नारायणपुर प्रवास के दौरान जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपण किया।

उच्च न्यायालय–एसईसीएल नोटिस

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सरायपाली ओपन कास्ट परियोजना के लिए ग्राम बुदबुद की भूमि के अधिग्रहण के बाद ग्रामीणों को नौकरी देने के मामले में एसईसीएल सीएमडी को नोटिस जारी किया है।

गौरतलब है कि यह भूमि अधिग्रहण दो हजार सात में एसईसीएल द्वारा किया गया था। भूमि अधिग्रहण के समय ग्रामीणों को नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन कई वर्ष बाद भी ग्रामीणों को नौकरी नहीं मिली। इससे नाराज ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

आईईडी–विस्फोट

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन ग्रामीण घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ये ग्रामीण दम्पाया, एर्रागुफा पारा निवासी हैं, जो पारिवारिक काम से बंदेपारा जा रहे थे। इसी दौरान आज सुबह माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी में विस्फोट होने से तीन ग्रामीणों के पैर और चेहरे में चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<u>दुर्घटना</u>

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के छुईखदान इलाके में आज हुए एक सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, नौ अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह छुईखदान के छिंदारी बांध मार्ग पर एक वाहन में सवार होकर लगभग बारह मजदूर देवरचा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में तीन मजदूरों की वाहन के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई।

उधर, जांजगीर–चाम्पा जिले के बम्हनीडीह में थाने के पास दो मोटर साइकिलों में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा में एक मालवाहक वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार बीस लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

<u>सीबीआई–छापा</u>

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने रायपुर स्थित महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी के निवास और कार्यालय परिसर सहित तीन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। सीबीआई ने इस अधिकारी के

खिलाफ तीन करोड़ रूपए से अधिक की आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्ट गतिविधियों के मामले में केस दर्ज किया है।

ननकी राम कंवर–पुलिस महानिदेशक पत्र

पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में ट्रैफिक पुलिस पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। श्री कंवर ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों से जबरन वसूली की जा रही है।

बातों–बातों में

_______श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार पद्मश्री सम्मान से सम्मानित नारायणपुर जिले के पंडीराम मंडावी से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। इसका प्रसारण कल इकतीस मई को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। वहीं, प्राईमरी चैनल पर इस कार्यक्रम का प्रसारण सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने आज निर्देश दिया है कि पन्द्रह जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट–पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में चार जून को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

- कल विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में जन–जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा पांच जून को रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय ''प्लास्टिक प्रदूषण–दुष्प्रभाव एवं समाधान'' है।

- जांजगीर–चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल और रुपये लूट प्रकरण की जांच में लापरवाही पर बरतने के आरोप में एएसआई नरेंद्र डिक्सेना को निलंबित कर दिया है।

<><><><><>